प्रेस नोट

दिनांक 15.11.2024

पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक द्वारा कार्तिक पूर्णिमा मेला व स्नान के दृष्टिगत थाना कर्नलगंज क्षेत्रान्तर्गत सरयू घाट का निरीक्षण किया गया, श्रद्धांलुओं के सुरक्षा व्यवस्था व सुविधाओं हेतु संबंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश-

आज दिनांक 15.11.2024 को कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक श्री उदित नारायण पालीवाल द्वारा फ्लड कंपनी के जवानों के साथ रिवर पेट्रोलिग कर कार्तिक पूर्णिमा मेला व स्नान के दृष्टिगत थाना कर्नलगंज क्षेत्रान्तर्गत सरयू घाट का निरीक्षण किया गया, श्रद्धांलुओं के सुरक्षा व्यवस्था व सुविधाओं हेतु सुरक्षा व्यवस्था में लगे समस्त पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को सतर्क रहते हुए कार्तिक पूर्णिमा मेला व स्नान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। तत्पश्चात् पार्किंग, गोताखोरों की तैनाती, रूट डायवर्जन एवं मार्ग व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा पुलिस फोर्स के साथ बडे वाहनों के डायवर्जन की प्रभावी व्यवस्था व मेला से लौट रहे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तथा पुलिस बल द्वारा सजगता व सतर्कता पूर्वक मुस्तैद रहकर जनपद गोंडा में कार्तिक पूर्णिमा स्नान व मेला को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु संबंधित पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

मीडिया सेल गोण्डा।

प्रेस नोट

दिनांक 15.11.2024

पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत कार्तिक पूर्णिमा मेला व स्नान स्थल का निरीक्षण किया गया, श्रद्धांलओं के सुरक्षा व्यवस्था व सुविधाओं हेतु संबंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश-

आज दिनांक 15.11.2024 को कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में समस्त क्षेत्राधिकारीगण अपने अपने सर्किल क्षेत्र व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत कार्तिक पूर्णिमा मेला व स्नान स्थल का निरीक्षण किया गया तथा श्रद्धांलुओं के सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था में लगे समस्त पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को सतर्क रहकर ड्यूटी करने व मेला से लौट रहे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पार्किंग, गोताखोरों की तैनाती, रूट डायवर्जन एवं मार्ग व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा पुलिस बल द्वारा सजगता व सतर्कता पूर्वक मुस्तैद रहकर जनपद गोंडा में कार्तिक पूर्णिमा स्नान व मेला को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु संबंधित पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बताया गया कि कार्तिक पूर्णिमा मेला व स्नान के दृष्टिगत नदी/घाटों पर बैरिकेटिंग तथा गोताखोर की भी व्यवस्था की गई है । जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना/चौकी प्रभारियों, बीट कर्मी लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील है। कार्तिक पूर्णिमा मेला व स्नान स्थल पर वर्दी व सादे वस्त्रों में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की पर्याप्त संख्या में ड्यूटी लगाई गई है। श्राद्धालुओं के आवगमन के मार्गो पर उचित दूरी पर पुलिस पिकेट/गस्त, फुट पेट्रोलिंग आदि की व्यवस्था के साथ साथ यूपी 112 के वाहनों को भी आवश्यकतानुसार रूट चार्ट बना कर व्यवस्थापन किया गया है। स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गयी। पुलिस सोशल मीडिया सेल द्वारा भी लगातार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो, ट्विटर, फेसबुक व व्हाट्सएप ग्रुपों सहित अन्य सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो पर निरंतर निगरानी की गयी।

मीडिया सेल गोण्डा।